**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3159**
**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## केरल में पैनलबद्ध अस्पताल

†3159. **श्री राजमोहन उन्नीथन:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत पैनलबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की केरल में पैनलबद्ध नए अस्पताल को उक्त योजना के अंतर्गत शामिल करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत केरल राज्य में पैनलबद्ध सार्वजनिक और निजी अस्पतालों की संख्या का जिलावार विवरण **अनुलग्नक** में है।

अस्पतालों को पैनलबद्ध करना एक सतत प्रक्रिया है और यह प्रक्रिया किसी दिए गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (एबी-पीएमजेएवाई मानदंडों को पूरा करने वाले) की आवश्यकताओं और उपलब्धता के आधार पर की जाती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण एबी-पीएमजेएवाई के तहत अस्पतालों को पैनलबद्ध करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की है। भारत सरकार सभी पात्र लाभार्थियों के लिए गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवा की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए उक्त योजना के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपेक्षाकृत और अधिक अस्पतालों को पैनलबद्ध करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

अनुलग्नक

**एबी-पीएमजेएवाई के तहत केरल राज्य में पैनलबद्ध सार्वजनिक और निजी अस्पतालों की संख्या का जिलेवार विवरण**

| जिला | पैनलबद्ध सार्वजनिक अस्पताल | पैनलबद्ध निजी अस्पताल |
|---|---|---|
| अलाप्पुझा | 10 | 10 |
| एर्नाकुलम | 32 | 18 |
| इडुक्की | 10 | 6 |
| कन्नूर | 22 | 15 |
| कासरगोड | 21 | 11 |
| कोल्लम | 26 | 14 |
| कोट्टायम | 15 | 16 |
| कोझिकोड | 68 | 17 |
| मलप्पुरम | 72 | 21 |
| पलक्कड़ | 20 | 15 |
| पथानामथिट्टा | 12 | 8 |
| तिरुवनंतपुरम | 30 | 33 |
| त्रिशूर | 30 | 11 |
| वायनाड | 17 | 7 |

नोट: दिनांक 09.12.2024 की स्थिति के अनुसार डाटा।

*****